प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / वेद / संजय / 09:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करेंगे बैठक– पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के लोगों को सस्ती व किफायती दरों पर बिजली देने के लिए सरकार वचनबद्ध– बिजली बोर्ड को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास जारी।
- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में सरकार ने चिन्हित किए ब्लैक स्पॉट– सड़क डिजाइन व सुरक्षा सुधार पर 40 हजार करोड़ रूपए खर्च।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण की आज आठवीं बैठक– प्रश्नकाल के अलावा निपटाए जाएंगे कई विधायी कार्य।
- प्रदेश में रही चैत्र नवरात्रों की धूम– माता बालासुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में महाआरती का आयोजन– शिव सरोवर पर जलाए गए आठ हजार दीये।

प्रधानमंत्री – बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर आज शाम सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बातचीत करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सभी राज्य की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में ''टीम इंडिया'' की भावना से समन्वित प्रयासों को सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर बयान दिया और इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट किया। नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को सस्ती व किफायती दरों पर बिजली देने के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड को सुदृढ़ करने के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान व्यवस्था परिवर्तन को लेकर लगातार प्रयास जारी है और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मुहैया करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गरीब परिवारों को 300 यूनिट निशुल्क बिजली देगी और अगले वित्त वर्ष के बजट में इसका प्रावधान किया गया है।

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश में हिमाचल जैसे दुर्घटना की आशंका वाले राज्यों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए हैं और सड़क डिजाइन व सुरक्षा में सुधार के लिए 40 हजार करोड़ रूपए से अधिक धनराशि खर्च की गई है। उन्होंने बताया कि हिमाचल जैसे हिमालयी राज्यों में चिन्हित किए गए साढ़े तीन सौ ब्लैक स्पॉट में से 280 का सुधार किया जा चुका है। गडकरी ने कहा कि नीतिगत सुधारों व अवसंरचना विकास के माध्यम से अगले पांच वर्षों में भारत के ऑटो मोबाइल उद्योग को केंद्र सरकार शीर्ष पर ले जाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज आठवीं बैठक होगी। एक दिन के अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे शुरू होगी। प्रश्नकाल के अलावा विधानसभा में आज कई विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष के लिए बजट अनुमानों की अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण, चर्चा और मतदान होगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के पहले चरण में 16 से 18 फरवरी तक तीन बैठकें आयोजित की गईं थीं।

जीडीपी विकास

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन–ओ.ई.सी.डी ने वर्ष 2025–26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 दशमलव 6 प्रतिशत, 2026–27 के लिए 6 दशमलव 1 प्रतिशत और 2027–28 के लिए 6 दशमलव 4 प्रतिशत आंकी है। इससे भारत, विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ओईसीडी की अंतरिम आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था की मजबूती की परीक्षा ले रहा है। इससे ऊर्जा व उर्वरक जैसी अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति भी बाधित हुई है।

नशा मुक्त चंबा

केंद्र सरकार ने युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान चलाया है। चंबा जिला प्रशासन ने भी इस अभियान में सहयोग के रूप में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों की रोकथाम को लेकर प्रभावी कदम उठाए हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान नशे की तस्करी में संलिप्त 207 लोगों को गिरफतार किया गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता

महाआरती

प्रदेश भर में चैत्र नवरात्रों की धूम रही और देश भर से आए श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों के समक्ष शीश नवाया। सिरमौर जिले के त्रिलोकपुर में प्रसिद्ध महामाया माता बाल सुंदरी मंदिर में कल देर शाम महाआरती का आयोजन किया गया और शिव सरोवर पर आठ हजार दीये जलाए गए।

गैस आपूर्ति

प्रदेश के अधिकांश भागों में रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू है और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। लोगों को आसानी से एलपीजी की आपूर्ति करने को लेकर ठोस कदम उठाए गए हैं और होम डिलीवरी की व्यवस्था भी जारी है। धर्मशाला में आकाशवाणी से बातचीत में लोगों ने कहा कि प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत नहीं है और स्थिति सामान्य है।

आईपीएल – दूसरा चरण

आईपीएल–2026 का पहला चरण कल 28 मार्च से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में कल शाम वर्तमान चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने–सामने होंगे। बी.सी.सी.आई. ने इंडियन प्रीमियर लीग –आई.पी.एल के दूसरे चरण का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। प्ले ऑफ के आयोजन स्थलों की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। दूसरे चरण में 12 शहरों में 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली शामिल हैं। ये मैच 13 अप्रैल से 24 मई तक चलेंगे। मई महीने में आईपीएल के 3 मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भी खेले जायेंगे।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने लिखा है पंजाब के समान वेतन देने का प्रशासनिक ट्रिब्यूनल का आदेश हाईकोर्ट ने किया रदद।

पांच महीने में सुधरेगी प्रदेश की आर्थिकी– शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है, जन्मदिन पर बोले मुख्यमंत्री सुक्खू, सरकार का बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है जल व जंगल प्रदेश की संपदा, केंद्र सरकार से लड़ रहे लड़ाई।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है लाहौल और मनाली की चोटियों में फिर हिमपात, 4 डिग्री तक गिरा पारा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से करेंगे बैठक– पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के लोगों को सस्ती व किफायती दरों पर बिजली देने के लिए सरकार वचनबद्ध– बिजली बोर्ड को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास जारी।
- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा– हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में सरकार ने चिन्हित किए ब्लैक स्पॉट– सड़क डिजाइन व सुरक्षा सुधार पर 40 हजार करोड़ रूपए खर्च।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण की आज आठवीं बैठक– प्रश्नकाल के अलावा निपटाए जाएंगे कई विधायी कार्य।
- प्रदेश में रही चैत्र नवरात्रों की धूम– माता बालासुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में महाआरती का आयोजन– शिव सरोवर पर जलाए गए आठ हजार दीये।